प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

“Improvement in Police Behaviour”

दिनांक 12.03.2019 से 14.03.2019

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 12.03.2019 से 14.03.2019 तक **“Improvement in Police Behaviour”** विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकादमी के निदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी, आई.पी.एस. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 22 प्रतिभागियों जिसमें 01 पुलिस निरीक्षक, 01 कम्पनी कमाण्डर, 17 उप निरीक्षक, 03 प्लाटून कमाण्डर ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 10:00–10:45AM तक परिचय और पंजीकरण श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10:45-11:10 AM तक पाठयक्रम प्रतिभागियों के रोल प्ले संबंधी चर्चा एवं टीम गठन बाबत ब्रीफिंग श्री मनीष अग्रवाल, उप निदेशक, आरपीए द्वारा की गई एवं 11:30-01:45 PM तक सहायक कोर्स निदेशक की उपिस्थति में प्रतिभागियों द्वारा सकारात्मक एवं नकारात्मक रोल प्ले किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र में श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार किये गये रोल प्ले का अवलोकन कर विश्लेषण करते हुए निष्कर्ष पर चर्चा की।

द्वितीय दिन 10:00–10:30AM तक श्रीमान निदेशक महोदय आरपीए द्वारा प्रतिभागियों की भूमिका की रोल प्ले की सकारात्मक एवं नकारात्मक भूमिकाओं पर चर्चा की गई। प्रथम सत्र में डॉ. नितिन सारस्वत, इंटरनेशलन ट्रेनर और काउंसलर - माइंड ट्रेनर ने जनता को बेहतर सेवाऐं कैसे प्रदान करें पर अपना व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री कैलाश चंद्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए द्वारा पुलिस अधिकारी के लिए संचार कौशल पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया गया। अन्तिम सत्र में डॉ. अशोक शर्मा, एसो0 प्रो0 राजस्थान विश्वविधालय, जयपुर ने पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग पर चर्चा की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री एम.एम. अत्रे, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने पुलिस व्यवहार और मानव अधिकार पर अपना व्याख्यान दिया एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों द्वारा पाठयक्रम के आधार पर तैयार किये गये प्रजेंटेशन की प्रस्तुति दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 14.03.2019 को 04.00 पर आरपीएस व्याख्यान कक्ष में आयोजित किया गया। श्रीमती सुमन चौधरी, अति.पु.अ. (सी.ओ.ई.) कोर्स निदेशक द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कोर्स रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। श्री हेमन्त प्रियदर्शी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए के उदबोधन के पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कोर्स निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।